# अनदेखी : लल्ली चौक से शिवाजी चौक तक बना दी सरपट सड़क

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 9 जनवरी. लल्ली चौक से कलेक्ट्रेट होते हुए शिवाजी चौक तक की नई सड़क पर कहीं भी वाहनों की गति कंट्रोल के इंतजाम नहीं है। जिसकी वजह से इस सड़क पर हादसों का अंदेशा बढ़ गया है।**

**इसी सड़क पर कलेक्ट्रेट, नपा जैसे कई विभाग**

**वाहनों की गति कंट्रोल करने एक ब्रेकर तक नहीं**

खासबात है कि इस सड़क पर ही एमएलबी स्कूल है, कलेक्ट्रेट है, और न्यायालय होने के कारण हमेशा भीड़ रहती है। लेकिन कहीं भी वाहनों की स्पीड कंट्रोल करने के लिए कोई उपाय तक नहीं किये गये है। यही कारण है कि शिवाजी चौक में लल्ली चौक तक इस सड़क पर जगह-जगह डेंजर स्पॉट्स की भरमार हो गई है। दरअसल लंबे इंतजार के बाद इस सड़क का काम पूरा हुआ है। पीडब्ल्यूडी ने लल्ली चौक से शिवाजी चौक तक सड़क बनाई, लेकिन वाहनों की गति को कंट्रोल करने के लिए कहीं भी न तो स्पीड ब्रेकर बनाये है और न ही अन्य किसी प्रकार सुरक्षात्मक उपाये किये है, जिससे की वाहनों की गति कंट्रोल हो सके।

सड़क का काम पूरा होते ही इस सड़क पर वाहन फराटे भरने लगे है। जब यह सड़क बन रही थी, तब भी यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों और लोगों के लिए यह परेशानियों का कारण बनी रही और अब, जबकि सड़क बन गई है, तब भी यह सड़क वाहन चालकों और लोगों के लिए खतरा बनी हुई है, क्योंकि इस पूरी सड़क पर कोई भी सुरक्षा के इंतजाम नहीं है। यहीं कारण है कि यहां पर कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।



**दोपहिया के साथ-साथ चारपहिया वाहनों की आवाजाही :** कलेक्ट्रेट, नगरपालिका सहित अन्य महत्वपूर्ण विभाग होने की वजह से इस मार्ग पर दोपहिया वाहनों के साथ-साथ चारपहिया वाहनों का बड़ी संख्या में आवागमन होता है। सड़क अच्छी होने के कारण वाहन चालक भी तेज रफ्तार से वाहन चलाते है। इसके अलावा कई वाहन चालक सड़क किनारे ही अपने चार पहिया वाहन सड़क किनारे खड़े करते है। सड़क ऊंची होने और घुमावदार सड़क होने की वजह से सामने से आने वाले वाहन नजर नहीं आते है। सड़क पर डिवाइडर नहीं होने से दोनों ही दिशाओं के वाहन पूरी सड़क पर दौड़ते रहते है। इन्हीं सब कारणों से इस सड़क पर खतरा काफी बढ़ गया है। इन हालातों में इस सड़क पर सुरक्षित यातायात के लिए तत्काल सुरक्षा इंतजाम करने की जरूरत है।

> मैं अभी मीटिंग में हूं, फिर भी इस संबंध में दिखवाती हूं।
>
> **- प्रीति पटेल, ईई, पीडब्ल्यूडी विभाग बैतूल**

### इसी सड़क पर आमजनता से जुड़े कई विभाग

लल्ली चौक चौक से थोड़ा आगे इसी सड़क पर नगरपालिका कार्यालय है। जहां नपा अधिकारियों-कर्मचारियों के अलावा हमेशा लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इसके अलावा कलेक्ट्रेट है, जिसमें आमजनता से जुड़े कई दफ्तर स्थित है। कलेक्ट्रेट में जहां अधिकारियों सहित कई विभागों के कार्यालय है, वहीं इसी के साथ जिला पंचायत कार्यालय भी है। पुराने कलेक्ट्रेट में पंजीयन कार्यालय, लोक सेवा केन्द्र, महिला बाल विकास विभाग कार्यालय है। जिला उद्योग कार्यालय भी इस सड़क पर स्थित है। इन कार्यालयों में रोजाना बड़ी संख्या में लोग विभिन्न कार्यो के लिए आते-जाते है। जिससे इस सड़क पर हमेशा यातायात का भारी दबाव बना रहता है।

### स्कूल समय में रहती है ज्यादा भीड़

लल्ली चौक से शिवाजी चौक के बीच महारानी लक्ष्मी बाई कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल है। जिसमें सैकड़ों छात्राएं अध्ययनरत है। स्कूल के सामने एक निजी स्कूल भी है और चर्चा भी, जिससे स्कूल के आसपास हमेशा छुट्टी के वक्त विद्यार्थियों की भीड़ लगी रहती है। ऐसे में सुरक्षा के इंतजाम के प्रति अनदेखी भविष्य में भारी भी पड़ सकती है। जागरूक नागरिकों का कहना है कि यह सड़क सबसे व्यस्ततम सड़क है। जिसकी वजह से इस सड़क पर स्कूल, नगरपालिका, कलेक्ट्रेट के पास स्पीड ब्रेकर की महत्ती आवश्यकता महसूस होती है। लेकिन सड़क निर्माण के दौरान इस महत्वपूर्ण विषय पर ध्यान नहीं दिया गया। जिससे यह सड़क भविष्य में हादसों का सबब भी बन सकती है। जानकारों का कहना है कि इसी मार्ग से कई जिम्मेदार अधिकारी भी गुजरते है, लेकिन इस ओर किसी ने भी ध्यान नहीं दिया। ऐसे में भविष्य में कोई बड़ा हादसा होता है तो इसकी जिम्मेदार कौन होगा? जागरूक नागरिकों का कहना है कि कलेक्ट्रेट से जब वाहन निकलते है तो सीधे सड़क पर आते है। ऐसे में तेज गति से वाहनों के चलने के कारण वाहनों के टकराने या हादसे की संभावनाएं लगी रहती है। अधिकारियों को इस विषय पर ध्यान देना चाहिए।

## एक नजर में

### कांग्रेस रैली में बच्चों को शामिल करने का आरोप

**मुलताई।** नगर में गुरुवार को कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन की रैली में आईटीआई में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को शामिल कर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने के आरोप भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष ने लगाए है। भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया कि 8 जनवरी गुरुवार को दोपहर कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन रैली का आयोजन किया गया द्य रैली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अलावा आईटीआई में पढ़ने वाले बच्चों को रैली में शामिल किया गया द्य कांग्रेस की रैली में आईटीआई में पढ़ने वाले बच्चों को शामिल करने पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू ने कहा कि अपने विरोध प्रदर्शन रैली में संख्या बढ़ाने के लिए आईटीआई में पढ़ने वाले बच्चों को शामिल कर कांग्रेस उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है द्य विगत वर्षों से सत्ता से बाहर होने से कांग्रेस में हताशा है। इसलिए विरोध प्रदर्शन एवं रैली में कार्यकर्ताओं की कम संख्या बढ़ाने के लिए अध्ययन करने वाले बच्चों को शामिल कर रही है।

### समस्याओं पर ध्यान दें भाजपा मंडल अध्यक्ष

**मुलताई।** नगर में गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मुलताई द्वारा रैली का आयोजन किया गया था, जिसमें नगर की मांगों के साथ-साथ इंदौर की ज्वलंत समस्या को उठाते हुए मंत्री विजयवर्गीय का पुतला दहन किया गया था। रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए लेकिन हमें नहीं मालूम कि उस रैली में कौन-कौन शामिल थे लेकिन हम भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश साहू का धन्यवाद अदा करते हैं कि जो कांग्रेस की रैली पर निगरानी रखते हैं और उनके द्वारा हमें पता लगा कि कांग्रेस की रैली में बहुत सारे युवा भी शामिल थे। हम उनका धन्यवाद अदा करते हैं आगे भी हम उनसे आशा रखते हैं कि ऐसे ही कांग्रेस की रैली पर हमेशा 24 घंटे निगरानी रखें और साथ ही यह भी सलाह देते हैं कि अपने भाजपा संगठन और मुलताई की समस्याओं पर भी ध्यान दें ल। आज मुलताई में हर गली में दारु जुआ-सट्टा 24 घंटे उपलब्ध है आज युवा,माताएं,बहने हर वर्ग इस परेशानी से जूझ रहा है और रही बात तो यह सब किसके संरक्षण में चल रहा है यह हमें बताने की आवश्यकता नहीं है।

# आबकारी अमले ने किया 20 लाख का महुआ लहान नष्ट

**मुलताई। मप्र एवं महाराष्ट्र की सीमा पर स्थित सीमावर्ती ग्रामों में मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र की आबकारी टीम,राज्य उत्पादन शुल्क, महाराष्ट्र एवं मुलताई पुलिस नए संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध शराब पर अंकुश लगाते हुए कच्ची शराब तथा लाखो रुपए का महुआ कहां नष्ट किया है।**



मासोद चौकी प्रभारी रणधीर सिंह राजपूत ने बताया जिला कलेक्टर बैतूल एवं जिला आबकारी अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह चढार के निर्देशन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी लीला सिंह मुकाती के नेतृत्व में आबकारी वृत्त आठनेर प्रभारी जुथिका वर्मा, आबकारी उपनिरीक्षक शाहपुर पूजा मालवीय एवं राज्य उत्पादन शुल्क महाराष्ट्र निरीक्षक मोर्शी एसएस खरे, उप निरीक्षक मोर्शी प्रशांत वानखेडे, उपनिरीक्षक मोर्शी कुंदन कुमरे, मोर्शी उपनिरीक्षक संतोष वायाड, उडन दस्ता जिला अमरावती एवं स्टाफ तथा मासोद चौकी प्रभारी आरएस. राजपूत, पुलिस एवं आबकारी स्टॉफ एवं नगर सैनिक की सयुंक्त टीम द्वारा ग्राम रोहाना, दाबका क्षेत्र में नदी नालों के आस पास 100 ड्रमो एवं कुल 80 लीटर हाथ भट्टी कच्ची मदिरा और 20 हजार किलो महुआ लाहन नष्ट किया गया। जिसका अनुमानित मूल्य करीब 20 लाख रुपये के आसपास है। इस दौरान अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मप्र. आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 की धारा 34(1)क एवं 34(1) च के तहत 7 प्रकरण बनाए गए। मासोद चौकी प्रभारी राजपूत ने बताया उक्त कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। इस कार्रवाही से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप है।

# नेता प्रतिपक्ष उमंग का स्वागत कर बताई समस्या

**मुलताई। प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार का ग्राम चिखली खुर्द में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों द्वारा फुल मालाओ से स्वागत कर समस्या बताई।**

नेता प्रतिपक्ष मुलताई होते हुए सिवनी प्रवास पर जा रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों ने नेता प्रतिपक्ष सिंगार को बताया कि बुकाखेड़ी बांध से क्षेत्र के किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे फसलें प्रभावित हो रही हैं। किसानों ने बताया कि इस समस्या को लेकर पूर्व में एसडीएम और कलेक्टर से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और आश्वासन दिया कि बुकाखेड़ी बांध से किसानों को पानी उपलब्ध कराने के मुद्दे को विधानसभा में उठाया जाएगा। जिससे किसानो की समस्या से शासन को अवगत कराया जा सके इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय डागा, हर्षवर्धन धोटे, कृष्णा दवंडे सरपंच यादोराव बर्डे सहित अनेक जनप्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# औषधि प्रीमियर लीग 4 .0 क्रिकेट प्रतियोगिता 11 को

**बैतूल।** दवा विक्रेता संस्था के सदस्यों के बीच आपसी खेल भावना और उत्साह को बढ़ावा देने के उद्देश्य से औषधि प्रीमियर लीग 4.0 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 11 जनवरी को लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम ग्राउंड कोठीबाजार में किया जाएगा। जिसमें जिलेभर के दवा विक्रेता संस्था से जुड़े सदस्य ही भाग लेंगे। प्रतियोगिता नॉकआउट आधार पर आयोजित होगी। जिला औषधि विक्रेता संघ के सचिव सुनील सलूजा ने बताया कि पहला मैच सुबह 9 बजे बैतूल ए और बैतूल बी के बीच खेला जाएगा। सुबह 10 बजे आमला केमिस्ट इलेवन का मुकाबला मुलतापी इलेवन से होगा। तीसरा मैच सुबह 11 बजे सतपुड़ा केमिस्ट इलेवन और चिचोली केमिस्ट इलेवन के बीच होगा, जबकि चौथा मैच दोपहर 12 बजे भैंसदेही संघ और मां अंबा केमिस्ट आठनेर के बीच खेला जाएगा। इसके बाद दोपहर 1 बजे पहला सेमीफाइनल, 2 बजे दूसरा सेमीफाइनल और 3 बजे फाइनल मुकाबला होगा। सभी मैच 8-8 ओवर के होंगे और प्रत्येक मैच की समय-सीमा 40 मिनट तय की गई है। आमला, मुलताई, चिचोली, भैंसदेही, आठनेर, सारनी और बैतूल की दो टीमों सहित सभी संभागों की भागीदारी रहेगी।

# मराठा लांसर और न्यू स्टार ने जीती कबड्डी

**सारनी।** बगडोना बस्ती में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता मराठा लांसर नागपुर और न्यू स्टॉर महेंद्रवाड़ी ने जीती। आयोजक श्याम परते ने बताया कि महिला वर्ग में 11 और पुरुष वर्ग में 48 टीमें थी। महिला टीम नागपुर, अमरावती, छिंदवाड़ा, होशंगाबाद और बैतूल से आई थी। जबकि पुरुष टीम बैतूल, होशंगाबाद की थी। महिला वर्ग में एक दिवसीय, जबकि पुरुष वर्ग में दो दिवसीय प्रतियोगिता हुई। महिला वर्ग में मराठा लांसर नागपुर ने प्रथम पुरस्कार के रूप में 25,800 जीते, वहीं द्वितीय पुरस्कार पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा 13500, तृतीय साइनेर क्लब अमरावती 10700, चतुर्थ जिला कबड्डी संघ बैतूल 5500, पंचम पुरस्कार सनी वंडर्स जबलपुर 5000 और छठवा पुरस्कार विजय क्लब जमानी जूनियर 5000 रुपए जीते। पुरुष वर्ग में न्यू स्टार महेंद्रवाड़ी ने प्रथम 1 पुरस्कार 16500, द्वतीय इंडियन क्लब बगडोना 11000, तृतीय डीएमजी कउपानी 7000, चतुर्थ आरजीएस जुझारपुर 5000, पंचम युवा पलटन बांसपुर 3000 और छठवा पुरस्कार एएसके डोरी 1500 रुपए ने जीते। प्रतियोगिता का आयोजन कालेज के पास बगडोना मीडिल स्कूल परिसर में किया गया था।




# 18 को आठनेर पुलिस ग्राउंड में होगा विराट हिंदू सम्मेलन

**बैतूल।** 18 जनवरी रविवार को आठनेर नगर में होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन को लेकर तैयारियां पूरे उत्साह के साथ चल रही हैं। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति आठनेर द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देने उद्देश्य से हर वार्ड में भारत माता की आरती का आयोजन वृहद स्तर पर किया जा रहा है। जहां बड़ी संख्या में सनातनी एकत्र होकर राष्ट्र और संस्कृति के प्रति अपनी एकजुटता प्रकट कर हिंदू सम्मेलन हेतु अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं।आयोजन को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से घर-घर अक्षत वितरण की योजना बनाई गई है। हिंदू सम्मेलन आठनेर नगर के प्रभारी कैलाश आजाद ने हिंदू सम्मेलन आयोजन की जानकारी देते हुए कहा कि यह सम्मेलन हिंदू समाज को जोड़ने,सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने और राष्ट्रभाव को जागृत करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम स्थल का भूमि पूजन कार्यक्रम 11 जनवरी दिन रविवार को प्रात: 11=00 बजे संपन्न होगा। जिसमे श्रीराम मंदिर आठनेर से शोभायात्रा के रूप में सकल हिंदू समाज द्वारा पुलिस ग्राउंड पहुंच कर भूमि पूजन किया जाएगा। उन्होंने हिंदू सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने हेतु नगर के सभी वर्ग, समाज एवं सभी नगर वासियों से सहयोग का आह्वान किया।

# बैतूल विस में नो मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई जारी

**बैतूल। बैतूल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 131 में मतदाता सूची को दुरुस्त करने की प्रक्रिया जारी है।**

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत ऐसे मतदाताओं की सुनवाई की जा रही है, जिनके नाम या उनके माता-पिता अथवा दादा-दादी के नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं। ऐसे मतदाताओं को प्रशासन ने नो मैपिंग मतदाता की श्रेणी में रखा है। नो मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई 5 जनवरी से अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय बैतूल सहित जनपद पंचायत बैतूल और जनपद पंचायत आठनेर में की जा रही है। सुनवाई के दौरान पात्र पाए जाने वाले मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में बने रहेंगे, जबकि अपात्र पाए गए मतदाताओं को आगे की सुनवाई के लिए नई तारीख दी जा रही है। इसके अलावा नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए प्रशासन द्वारा 9 और 10 जनवरी 2026 को शैक्षणिक संस्थानों में विशेष शिविर आयोजित जा रहा है। इसमें वे छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकेंगे, जिन्होंने 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की उम्र पूरी कर ली है। शिविरों में फॉर्म-6 भरवाए जाएंगे और पहचान के लिए माता-पिता के दस्तावेज लिए जाएंगे। प्रशासन ने पात्र नागरिकों और युवाओं से अपील की है कि वे तय तारीखों पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविरों व कार्यालयों में पहुंचकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने अधिकार से वंचित न रहे।



# नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार का बरेठा में हुआ भव्य स्वागत

**सारनी।** प्रदेश में विपक्ष की भूमिका निभा रहे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार का शुकवार को बरेठा में सारनी के कांग्रेस नेताओं एवं घोड़ाडोंगरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। श्री सिंगार अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत छिंदवाड़ा जा रहे थे, जिसकी सूचना मिलते ही स्थानीय कांग्रेस नेताओं में उत्साह का माहौल बन गया। जैसे ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सारनी एवं घोड़ाडोगरी को श्री सिंगार के क्षेत्र से गुजरने की जानकारी मिली, तत्काल स्वागत की रूपरेखा तैयार की गई। कांग्रेस नेता मोहम्मद इलियास, ज्ञानेश्वर पाटिल, बटेश्वर भारती, राफे बक्स, अप्पू खान, गौतम नागले एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र कुमार महतो कार्यकर्ता बरेठा तिराहे पर एकत्रित हुए। बरेठा पहुंचते ही नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों और पुष्पमालाओं से उनका सत्कार किया गया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें अपनी स्थानीय समस्याओं से भी अवगत कराया। श्री सिंगार के आगमन से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सदस्यों में नया जोश देखने को मिला। कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद इलियास एवं घोडाडोगरी के ब्लाक अध्यक्ष नरेंद्र कुमार महतो ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावों के लिए नई ऊर्जा मिली है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से घोड़ाडोंगरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र कुमार महतो, घोड़ाडोगरी मंडलम अध्यक्ष अशोक राठौर, रानीपुर मंडलम अध्यक्ष शिवनाथ यादव, अनिल झल्लारे निलेश बघेल रुपेश भोरवंशी, कुमान सिंह नर्रे, सुरेंद्र राजपूत, उमेश मालिया. सारनी के कांग्रेस नेता मौजूद थे।




**हिन्दू सम्मेलन** | **ग्राम इटावा में आयोजित हुआ हिन्दू सम्मेलन**

# हमें अपनी रीति रिवाज, संस्कृति, वेशभूषा एवं भाषा को बनाए रखना है : भलावी

**मुलताई। क्षेत्र के ग्राम इटावा में शुक्रवार को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया।**

**सम्मेलन में बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग**

**पंच परिवर्तन से समाज को मजबूती मिल रही**




सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए वक्ता महेश भलावी ने कहा हम सनातन परंपरा की जड़े हैं, हमें अपनी रीति रिवाज संस्कृति वेशभूषा एवं भाषा को बनाए रखना है। हम आदिवासी जनजाति के नागरिक प्रकृति के पूजक है, आदिवासी भगवान की निस्वार्थ भाव से पूजा कर करते हैं हिंदू समाज ही है जो प्रकृति की चिंता करता है आदिवासी जनजाति हिंदू विचारधारा की जड़े है जिसमें आज हम विशाल पेड़ के रूप में मौजूद है भारत में रहने वाला प्रत्येक नागरिक हिंदू है,नमस्कार का अभिवादन हम जय सेवा से करते हैं हमें हमारी जड़ों को मजबूत रखना होगा विधर्मी के षड्यंत्र में नहीं पढ़ना है हम शिव शक्ति के उपासक है। पडापेन शिव शक्ति का पर्याय शब्द है। हम आदिवासी से वन है,वन से ग्राम,शहर राज्य बने। आज पंच परिवर्तन से समाज को संगठित एवं मजबूती मिल रही है हमें इन सबको मानना होगा हम आदिवासी से हिंदू सभ्यता है आज प्रकृति का पूजन हर काम में करते हैं बुवाई के पहले धरती माता का पूजन करते हैं हमें संगठित रहना होगा कई विधर्मी ताकते हमें बरगलाने का प्रयास कर रही है पर इसे नजर अंदाज कर हमें अपनी संस्कृति और सभ्यता बनाए रखना होगा हमारी संस्कृति सभ्यता देश-विदेश तक अपनी गरिमा बनाए रखे हैं हमें इसे सहेजने की आवश्यकता है। सम्मेलन में इटावा माझरी, कुमुन्दरा, दाबका सालबर्डी रैयतवाड़ी तेलिया पिपरिया सहित अन्य ग्राम से सकल हिंदू समाज के बच्चे बुजुर्गों को व गनमान्य नागरिक पहुंचे। कार्यक्रम में कलश यात्रा निकाली गई जो ग्राम इटावा का भ्रमण कर वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची। ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा कर अभिवादन किया।हिंदू सम्मेलन की शुरुआत मुख्य अतिथि महेश्वर भलावी,भगन सिंह सिरसाम,मातृ शक्ति सोनाली,विनोद इडपाचे, प्रीति उइके ,आशीष शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर वंदे मातरम गीत से सम्मेलन की शुरुआत की गई।नारी शक्ति को संबोधित करते हुए सोनाली इडपाचे ने पंच परिवर्तन से समाज परिवर्तन से भारतीय संस्कृति को बनाए रखने की अपील की साथ ही हम आदिवासियों को अपने गांव की संस्कृति को बनाए रखने की अपील की।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद आमला जिला - बैतूल (म.प्र.)

E-mail ID: cmoamla@mpurban.gov.in | Office Ph. No. 07147-285752

क्रमांक/लो.नि.शा./ई-निविदा/2026 | आमला, दिनांक 08/01/2026

**//ई-निविदा आमंत्रण सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD _474249 Dt:08-01-2026 | Construction work of Municipal Council Amla in CC road in various wards of the ULB area under Special Fund Scheme. | 1- 09 Month 2-Rs. 62,08,802/- | 1- RS 10,000/- 2- RS 46,566/- | Dt.07-02-2026 Time: 17 :30 pm |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

(श्री नितिन गाडरे) अध्यक्ष नगरपालिका परिषद आमला

(श्री किशोर माथनकर) उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद आमला

मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद आमला